तापमान
अधिकतम 45 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 27 मई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 बाल मधुमेह पीड़ित बच्चों को मिला सहयोग



14 34 करोड़ से मजबूत होगी महानदी नहर प्रणाली,...



**आवश्यकता है**

| | |
|---|---|
| अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर | 1 पद |
| ऑफिस कार्य के लिए | 2 पद |
| घर कार्य के लिए | 1 पद |
| अनुभवी कार ड्रायवर | 1 पद |
| रेत खदान के लिए दिन/रात | 3 पद |

श्री श्याम ट्रेडिंग कंपनी
रेल्वे स्टेशन के सामने धमतरी
संपर्क : 93403-49958

# जनप्रतिनिधियों की मांग, मेडिकल कॉलेज का सपना हो साकार

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भौगोलिक दृष्टि से महत्वपूर्ण धमतरी जिला मेडिकल कॉलेज के लिए तरस रहा है।यहां बस्तर और ओडिशा तक के मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। जनप्रतिनिधि भी मानते हैं कि यहां मेडिकल कॉलेज की स्थापना होने से स्वास्थ्य सुविधाओं में बड़ा विस्तार होगा और स्थानीय लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध हो सकेगा।

धमतरी में पहले से जिला अस्पताल, डीसीएच अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज और कई निजी नर्सिंग होम संचालित हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र की इन सुविधाओं को देखते हुए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए जिले को उपयुक्त माना जा रहा है।

## दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी से रूकी मेडिकल कॉलेज की योजना

### सरकार बदलने के बाद मामला लंबित : तारिणी

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार के समय धमतरी में मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में गंभीर प्रयास किए गए थे। इसके लिए पूरा खाका भी तैयार कर लिया गया था, लेकिन सरकार बदलने के बाद यह मामला लंबित हो गया। उन्होंने कहा कि आगामी समय में कांग्रेस की सरकार बनने पर धमतरी में शीघ्र मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा।




### कागजों में सीमित हो गई योजना : विजय

पूर्व महापौर विजय देवांगन ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में मेडिकल कॉलेज की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार के आने के बाद यह योजना केवल कागजों तक सीमित रह गई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अब जिला स्तर पर मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की जा चुकी है, इसलिए धमतरी को भी इसका लाभ मिलना चाहिए।

### विधायक के घोषणा पत्र में मेडिकल कॉलेज

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि मेडिकल कॉलेज खोलना उनके चुनावी घोषणा पत्र का प्रमुख वादा है और वे अपने कार्यकाल में इसे पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और केंद्रीय मंत्रियों को पत्र लिखकर धमतरी में मेडिकल कॉलेज शुरू करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### बकरीद पर अवकाश अब 28 मई को

**धमतरी।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2026 के लिए घोषित सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश की सूची में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, पूर्व में ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व हेतु 27 मई बुधवार को घोषित अवकाश अब परिवर्तित कर 28 मई गुरुवार को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। राज्य शासन ने पर्व की तिथि में परिवर्तन को दृष्टिगत रखते हुए यह संशोधित आदेश जारी किया है।

### आवेदन 15 जून तक मंगाए गए

**धमतरी।** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम और लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम के अधीन सहायक व्यक्तियों (सपोर्ट पर्सन) का इम्पैनलमेंट किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इसके लिए इच्छुक अनुभवी एवं योग्य व्यक्ति, संस्थानों से 15 जून तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। धमतरी जिले में सपोर्ट पर्सन के रूप में इम्पैनलमेंट होने के इच्छुक व्यक्ति, अशासकीय संस्था, संगठन निर्धारित प्रारूप में अपनी रूचि की अभिव्यक्ति कलेक्टोरेट के पीछे स्थित जिला महिला एवं बाल विकास विभाग में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट अथवा कोरियर के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

### दावा-आपत्ति 4 जून तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र चारभाठा (कोरगांव) में सहायिका की भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड ने बताया कि प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन समिति द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार मूल्यांकन कर सूची तैयार की गई है। अनंतिम मूल्यांकन पत्रक अवलोकन के लिए ई-भर्ती पोर्टल में अपलोड किया गया है तथा जनपद पंचायत मगरलोड और महिला बाल विकास कार्यालय मगरलोड में सूची चस्पा की गई है। जिस किसी आवेदिका को मूल्यांकन पत्रक में अंकित नाम के सम्मुख योग्यता अनुसार प्रदाय अंकों पर आपत्ति हो तो वह आगामी 4 जून तक अपना दावा-आपत्ति ई-भर्ती पोर्टल पर ऑनलाइन चस्पा कर सकतीं हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

आएगी 15.50 करोड़ की लागत, तालाब किनारे रहने वाले परिवारों का होगा पुनर्वास

# 434 जरूरतमंद परिवारों को मिलेगा पक्का आशियाना नगर निगम बनाएगा आधुनिक हाउसिंग कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के बेघर, किरायेदारों और तालाब किनारे रह रहे परिवारों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। नगर निगम द्वारा 434 परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराने के लिए 15.50 करोड़ रुपये की लागत से हाउसिंग कॉलोनी का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए ई-टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

यह योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (ईडब्ल्यूएस) के अंतर्गत तैयार की जा रही है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है। महिमासागर वार्ड और विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे क्षेत्र में इस कॉलोनी का निर्माण प्रस्तावित है।


फाइल फोटो

नगर निगम का कहना है कि इस योजना से उन परिवारों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा जो लंबे समय से किराए के मकानों में रह रहे हैं या फिर अस्थायी रूप से कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे हैं। इसके साथ ही तालाब किनारे निवासरत परिवारों का भी सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास किया जाएगा, जिससे शहर के पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

जानकारी के अनुसार शहर के लगभग 22 तालाबों के किनारे रहने वाले परिवारों की पहचान कर ली गई है और उन्हें योजना में शामिल किया गया है। इसके अलावा रेलवे परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों को भी इस आवास योजना का लाभ मिलेगा।

नगर निगम द्वारा पहले चरण में कई परिवारों का सर्वे पूरा कर लिया गया है और राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद अब टेंडर प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है। महिमासागर वार्ड में पहले से 256 आवासों का निर्माण कार्य जारी है, जबकि नए ब्लॉकों में निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा।

निगम अधिकारियों के अनुसार यह योजना शहर के गरीब और जरूरतमंद परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी। स्थायी आवास मिलने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और बेहतर जीवन भी मिल सकेगा।

# ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगी आग 24 घंटे बाद भी नहीं बुझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बागतराई-सोरिद स्थित नगर निगम के ट्रेंचिंग ग्राउंड में सोमवार सुबह लगी भीषण आग मंगलवार को भी पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो सकी। करीब 24 घंटे बाद भी कचरे के अंदर सुलगन जारी रही और लगातार धुआं निकलता रहा। आग बुझाने के लिए धमतरी, बालोद और नगरी की फायर ब्रिगेड टीमों के साथ नगर निगम के टैंकर लगातार प्रयास करते रहे।

आग ने लगभग पांच एकड़ क्षेत्र को प्रभावित किया है। अब तक करीब डेढ़ से दो लाख लीटर पानी का उपयोग किया जा चुका है, फिर भी पूरी तरह नियंत्रण संभव नहीं हो पाया है। कचरे के अंदर पहुंचकर आग बुझाने के लिए जेसीबी मशीन की मदद से रास्ता बनाया जा रहा है।

प्राथमिक अनुमान के अनुसार आसपास के खेतों में पराली जलाने से उड़कर आए तिनकों के कारण



आग भड़कने की संभावना जताई जा रही है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार प्रभावित क्षेत्र बालोद जिले में आता है और खेतों के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं ताकि जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जा सके। पुलिस को भी मामले की जानकारी दे दी गई है।

### गोंड समाज का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह 28 को

**धमतरी।** केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के नवागढ़ राज, तहसील नवागढ़, जिला बेमेतरा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह 28 मई को राजा नरवर साय किला परिसर, नवागढ़ जिला बेमेतरा में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयाल दास बघेल खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोगता संरक्षण मंत्री होंगे। अध्यक्षता आरएन ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष अजजा शास. सेवक संघ छग करेंगे। विशिष्ट अतिथि दरबार सिंह नेताम जिलाध्यक्ष आदिवासी गोंड समाज बेमेतरा, मुरीत मंडावी जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी विकास परिषद बेमेतरा, हिरऊ ध्रुव जिलाध्यक्ष अजजा शासकीय सेवक संघ बेमेतरा, अजय साहू जिलाध्यक्ष भाजपा बेमेतरा, सोम ठाकुर उपाध्यक्ष नगर पंचायत नवागढ़ बेमेतरा, खोरबाहरा साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, डॉ.यूआर ध्रुव गोंडी धर्मचार्य, हेमलाल ध्रुव अध्यक्ष अजजा शासकीय सेवक संघ नवागढ़ ब्लाक होंगे। कार्यक्रम में करमा नृत्य झालम एवं लहरिया परिवार की प्रस्तुति होगी।

नए मॉनिटरिंग सिस्टम में गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं

# मोबाइल से हो रही मनरेगा की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अब मनरेगा मस्टररोल बिल्कुल नए और आधुनिक अंदाज में तैयार किया जा रहा है। कोई कागज, कलम नहीं। पूरा मस्टररोल मोबाइल पर भरा जा रहा है। हाजिरी भी बायोमेट्रिक सिस्टम से अपलोड हो रही है। हाजिरी के लिए मजदूरों की फोटो मोबाइल पर ही ली जा रही है।

मनरेगा की जगह अब



वीबीजीरामजी योजना शुरू की जानी है। सम्भावना है कि जुलाई माह के बाद इस योजना को शुरू कर दिया जाएगा। इसी योजना के तहत मजदूरों को रोजगार दिया जाएगा। योजना में कार्यों की मॉनिटरिंग हाईटेक तरीके से की जाएगी जिसमें फर्जीवाड़े की कोई गुंजाइश नहीं होगी। पूरा ▶▶ शेष पेज 14 पर

### रियल टाइम में हाजिरी

श्रमिकों की कार्यस्थल पर रियल टाइम में उपस्थिति दर्ज की जा रही है। जहां पर इंटरनेट नेटवर्क नहीं है, वहां पर भी यह सिस्टम काम कर रहा है। मोबाइल कार्यस्थल पर होने पर ही हाजिरी भरी जा सकती है। इसके अतिरिक्त मजदूरों की हाजिरी के लिए कार्यस्थल पर उपस्थिति अनिवार्य है। हाजिरी दो बार ली जा रही है, एक काम शुरू करने से पहले और दूसरा काम खत्म करने के बाद।

### ऐसे हो रही मॉनिटरिंग

मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम को मोबाइल में अपलोड करने के बाद सभी मनरेगा मजदूरों का डेटा भरा गया है जिसमें उनका नाम, आधार नम्बर, जॉबकार्ड डिटेल और फोटो शामिल है। उपस्थिति दर्ज करने के लिए मस्टररोल डाउनलोड किया जाता है। मस्टररोल में सभी मजदूरों का नाम आता है। उपस्थित मजदूर के नाम पर क्लिक करने पर कैमरा खुलता है। इसी कैमरे में मजदूरों की फोटो कैप्चर कर उपस्थिति दर्ज की जा रही है।

# होलसेलर ही थमा रहे खाद में लादन

- फुटकर दवा, खाद विक्रेताओं ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

होल सेलर ही दवा, खाद विक्रेताओं को लादन थमा रहे हैं। ऐसे में प्रिंट रेट में बेचना फुटकर व्यापारियों के लिए नुकसान का सौदा है। इस समस्या को लेकर फुटकर व्यापारियों ने कलेक्टर से मुलाकात की और समस्या का समाधान करने की मांग की।

मंगलवार को बड़ी संख्या में कृषि दवा, खाद फुटकर विक्रेता कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने बताया कि खाद की किल्लत चल रही है जिसके



चलते जिला प्रशासन द्वारा निगरानी भी बढ़ा दी गई है। उधर फुटकर व्यापारी खाद को प्रिंट रेट में ही बेचना चाहते हैं, लेकिन होल सेल में खरीदी करने के दौरान ही होल सेलर उन्हें लादन थमा देते हैं। उन्होंने इस समस्या का समाधान करने की मांग कलेक्टर से की है।

कलेक्टोरेट पहुंचने वालों में देवेंद्र चंद्राकर, रामनिहोरा साहू, प्रवीण साहू, निरंजन सहित अन्य लोग शामिल थे।

# मां अभियान : महानदी पहली बार हुई 15 किमी निर्मल

- अतिक्रमण हटाया, नदी की सफाई में जुटे ग्रामीण, अधिकारी व छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मां अभियान के तहत नदी की सफाई का काम शुरू हो गया है। सामतरा से लेकर कर्णेश्वर घाट तक करीब 15 किमी नदी की सफाई की गई है। आगे भी यह सफाई अभियान जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त नदी के आसपास के क्षेत्र में डेवलपमेंट का काम भी शुरू कर दिया गया है।

महानदी को स्वच्छ बनाने और इसके आसपास तटों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए जिले में मां अभियान चलाया जा



रहा है। 17 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अभियान को लांच किया था। इसके तहत अब जिले में काम शुरू हो गया है। मोर गांव-मोर पानी से जोड़कर मां अभियान की शुरूआत नगरी ब्लाक के ग्राम सामतरा से की गई। यहां से करीब 15 किमी नदी की सफाई की गई है।

इस अभियान में एनएसएस, पंच-सरपंच, कॉलेज छात्र, विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सभी ने कंधे से कंधा मिलाकर सफाई अभियान में भागीदारी की।

### 14 पंचायतों की सहभागिता

इस अभियान में 14 ग्राम पंचायतों ने सहभागिता निभाई है। नदी के आसपास अतिक्रमण की बाढ़ थी। लोगों ने खेत बनाकर वहां खेती भी शुरू कर दी थी। ग्राम पंचायतों ने एकजुट होकर अतिक्रमण हटाया। इसके बाद पूरी नदी का एरिया स्वच्छ किया गया। यह अभियान लगातार चलेगा। इसके अतिरिक्त नदी के आसपास के क्षेत्र को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसी के तहत फरसियां के महामाया मंदिर में काम शुरू किया गया है।

25 से 100 रुपए किलो तक बिक रहे अलग-अलग किस्म के आम

# फलों का राजा आम हुआ सस्ता, फुटपाथों पर बंपर बिक्री

- बेमौसम बारिश के बावजूद बगीचों से भरपूर आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से आम फसल को नुकसान पहुंचने के बाद भी आम की बंपर आवक हो रही है। आसपास क्षेत्र के आम बगीचों से आने वाले आम की फुटपाथ में जगह-जगह बिक्री हो रही है। भरपूर आवक होने से आम के दाम घट गए हैं, जिससे फलों के राजा आम की पहुंच आम आदमी तक हो रही है।

शहर के रत्नाबांधा रोड, रूद्री



रोड, कोलियारी मार्ग के फुटपाथ पर जगह-जगह आम की ढेरी लगी हुई है। फुटपाथ में आम विक्रेताओं की भोंपू से 100 में दो किलो, 100 में चार किलो की आवाज लगातार निकाल रही है। रत्नाबांधा रोड में ढेरी लगाकर आम बेच रहे अजयकुमार बताते हैं कि उसके आम सनौद-मोहारा के बगीचे के हैं। लंगड़ा, सुंदरी, बैगनफल्ली, दशहरी वैरायटी के आम हैं। तुरंत खाने के लायक हो चुके आम को 100 रुपए में चार किलो और एक दिन बाद के लायक आम को 50 रुपये किलो में बेच रहे हैं। उनके बगीचे से अभी पंद्रह दिनों तक आम की आवक होती रहेगी। बस स्टैंड के फुटपाथ में आम्रपाली आम की बिक्री कर रही महिला सावित्रीबाई ने बताया कि लोहरसी से आम को बेचने आई हैं। 100 रुपए में डेढ़ किलो आम दे रही हैं। उन्होंने बताया कि इस साल आम की फसल अच्छी हुई है लेकिन दाम कम हो गए हैं।

### इंपोर्टेड आम की डिमांड बड़े शहरों में

अमेठी, बनबगौद, देमार, डांगीमांचा आदि स्थानों पर स्पेशल क्वालिटी के आम की नर्सरियां हैं। यहां के आम की स्वाद ले चुके बाहर के लोग इसकी खूब मांग कर रहे है। सेठिया मैंगो के व्यवसायी बताते हैं कि दशहरी, लंगड़ा, बाम्बेग्रीन आदि आम की आवक खूब हो रही है। आम को पेड़ों पर पकने के बाद ही तोड़े जाते हैं। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर में उनके आम की खूब डिमांड हैं।



## खबर संक्षेप

### शराब का परिवहन करते एक युवक पकड़ा गया

**कांकेर।** अवैध रूप से शराब का परिवहन करने वाले युवक को चारामा पुलिस ने चिकन सेंटर के पास पकड़ा। आरोपी युवक के कब्जे से देशी प्लेन शराब को जप्त किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 25 मई को आरोपी वार्ड क्रमांक 4 शीतलापारा चारामा निवासी 30 वर्षीय देवेंद्र सिंहा पिता स्व. रामजी सिंहा अपने मोटर सायकल के डिक्की में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब लगभग 2.340 लीटर, जिसकी कीमत एक हजार चालीस रुपए को रखकर ले जा रहा था। शराब को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क दुर्घटना में मौत के मामले में अपराध दर्ज

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत निलझर बाजार स्थल के पास सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया था। जांच पर पाया गया कि 19 मार्च को मोटर सायकल क्रंमाक सीजी 19 बीव्ही 8194 में ग्राम धनेली से आमाबेड़ा घर का सामान लेने रजे सिंह गोटा, रतन गोटा एवं मृतिका मनारो गोटा के साथ आ रहे थे। मोटर सायकल को रजे सिंह गोटा चला रहा था और सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें मौत हो गई थी। आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 8194 के चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### सार्वजनिक स्थान में शराबखोरी कर रहे पांच को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने 24 मई को छापामार कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वाले पीव्ही 61 बलरामपुर निवासी सुजित विश्वास पिता समीर विश्वास, बारदा निवासी 23 वर्षीय शेखन नाग पिता अंशुमन नाग, परतापुर थानांतर्गत नदीचुआ निवासी 22 वर्षीय सुंदर सिंह पिता राजेंद्र सिंह कवाची, परतापुर थानांतर्गत कुल्ली निवासी 22 वर्षीय बिसाऊ आंचला पिता चैनु आंचला और नदीचुआ निवासी 18 वर्षीय शेरसिंह कवाची पिता आयतु राम कवाची को ग्राम पीव्ही 55 के रोड किनारे सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा गया।

## निधन

### विनोद सेन



**धमतरी।** मुजगहन निवासी विनोद सेन 55 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि मुक्तिधाम में की गई। वे सर्व सेन समाज जिला धमतरी के प्रचार सचिव ईश्वर सेन के बड़े भैया थे।

### सुशीला देवी चंद्राकर



**धमतरी।** ग्राम लिमतरा निवासी श्रीमती सुशीला देवी चंद्राकर 88 वर्ष का निधन हो गया। वह टोडर, पीलाराम, विष्णु और हरदेव चंद्राकर की माताजी थी। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित रहकर श्रंद्धाजलि अर्पित की।

# मायके जाने निकली बुजुर्ग महिला की खेत में मिली सड़ी-गली लाश

**इलाके में मचा हड़कंप , पुलिस जांच में जुटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

जिले के कुरुद थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां भैंसबोड़ और सोनपुर गांव के बीच स्थित एक खेत (खार इलाके) में 74 वर्षीय बुजुर्ग महिला की सड़ी-गली लाश बरामद हुई है। लाश मिलने की खबर फैलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतका की पहचान परबत साहू के रूप में की गई है।



### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार जांच जारी

पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। महिला की मौत सामान्य रूप से हुई है, वह किसी हादसे का शिकार हुई या इसके पीछे कोई साजिश है, इन सभी पहलुओं पर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

थाना प्रभारी अवधराम साहू से मिली जानकारी के अनुसार मृतका परबत साहू करीब तीन-चार दिन पहले अपने ससुराल से मायके (ग्राम मरौद) जाने के लिए निकली थीं। परिजनों ने बताया कि वह अक्सर बिना किसी परेशानी के मायके आती-जाती रहती थीं। लेकिन इस बार जब वह समय पर अपने मायके नहीं पहुंची, तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने अपने स्तर पर उनकी तलाश शुरू कर दी थी।

### ग्रामीणों ने देखा शव पुलिस को दी सूचना

घटनास्थल से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों ने खेत में शव को देखा, जिसकी स्थिति काफी खराब थी। शव कई दिन पुराना होने के कारण पूरी तरह सड़ चुका था। ग्रामीणों ने बिना देर किए इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कुरुद थाना प्रभारी पुलिस बल और एफएसएल की फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

**नपा परिषद की सातवीं सामान्य सभा की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी**

# गरीबों के आवास, जल योजना और विकास कार्यों पर लिए गए बड़े फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

नगर पालिका परिषद कुरूद की सातवीं सामान्य सभा की बैठक मंगलवार को नगरपालिका सभाकक्ष में अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नगर विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और सुशासन से जुड़े 14 एजेंडों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

परिषद ने बताया कि वर्तमान परिषद के 14 माह के कार्यकाल में शासन के नियमानुसार हर दो माह में नियमित बैठक आयोजित की जा रही है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। बैठक की शुरुआत



राष्ट्रीय गान के साथ हुई।

बैठक का सबसे प्रमुख निर्णय गरीब एवं आवासविहीन परिवारों के लिए आवास निर्माण को लेकर रहा। परिषद ने 42 लाख रुपए की लागत से अटल आवास और डिपो रोड पानी टंकी के पास नए आवास निर्माण कराने पर सहमति दी। इसके अलावा पुरानी मंडी की भूमि पर विकास कार्यों के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी कर आगामी बैठक में प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया गया। वहीं एनएच रायपुर रोड स्थित नगरपालिका भूमि को व्यावसायिक मद में परिवर्तन के बाद आगामी परिषद बैठक में प्रस्ताव रखने पर सहमति बनी।

बैठक में अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, नेता प्रतिपक्ष डूमेश साहू सहित सभापति मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, महेन्द्र गायकवाड़ और राजकुमारी ध्रुव, पार्षदगण उत्तम साहू, रजत चन्द्राकर, उर्वशी चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, राखी यमुना चन्द्राकर, मनीष साहू एवं मंजू साहू, सीएमओ गुप्ता, इंजीनियर पैंकरा तथा नगरपालिका के विभिन्न विभागों के कर्मचारी भी शामिल हुए।

### दुकानों, सफाई व्यवस्था और जल योजना पर निर्णय

परिषद ने नगर विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों की निविदाओं को अनुमोदन देते हुए जल्द भूमिपूजन कराने का निर्णय लिया। भरदा चौक स्थित दुकानों के जीर्णोद्धार के लिए व्यापारियों को नियम एवं शर्तों के साथ स्वयं की राशि से मरम्मत कराने की अनुमति दी गई। वहीं बाईपास रोड और नए बस स्टैंड चौपाटी दुकानों की नीलामी राशि जमा नहीं करने वाले व्यापारियों को 15 दिनों की मोहलत देते हुए समय पर राशि जमा नहीं करने पर दुकान निरस्त कर पुनः नीलामी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में 9 करोड़ रुपए की जल आवर्धन योजना, मुर्गा-मटन मार्केट की सफाई व्यवस्था और छोटे मूलभूत विकास कार्यों पर भी चर्चा हुई।

## तहसील कार्यालय में शरबत का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भीषण गर्मी को देखते हुए 26 मई को दोपहर 1:30 बजे तहसील कार्यालय धमतरी में अधिवक्ताओं के सहयोग से कार्यालय में आने वाले लोगों को रसना शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने पक्षकारों एवं आमजनों को गर्मी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शरबत पिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया।

कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ धमतरी के उपाध्यक्ष सचिन जाचक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पीयूष कुमार देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य दिव्यांशु साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण साहू, रेखराम सेन, लक्ष्मीकांत साहू, सतीश मीनपाल, टोमन कुमार, पंकज ओझा, रजनीश पांडे, कैलाश साहू, अजय कुंभकार, हेमलाल निर्मलकर, ज्योति बरिहा, लक्ष्मी बंजारे सहित अन्य अधिवक्ता एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार के सेवा कार्य लोगों को राहत पहुंचाने के साथ समाज में सकारात्मक संदेश भी देते हैं।

## नागरिकों को बताया स्वच्छता का महत्व




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में मां अंगारमोती परिसर में स्वच्छता एवं नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान चलाया गया। समाजसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित इस अभियान में नागरिकों को स्वच्छता के महत्व एवं नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। लोगों को स्वच्छ वातावरण एवं नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। इस अभियान में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं दिव्यांग आवासीय प्रशिक्षण केंद्र एक्जैक्ट फाउंडेशन रूद्री, जय मां छत्तीसगढ़ महतारी सेवा संस्था धमतरी की सहभागिता रही। मौके पर शिवा प्रधान, लक्ष्मी सोनी, रितु प्रधान समेत अन्य मौजूद रहे।

## पीजी कॉलेज के 34 एनसीसी कैडेटों का इंडियन आर्मी में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 34 एनसीसी कैडेट्स का चयन भारतीय सेना में हुआ है। चयनित कैडेटों में कुमारी नीलिमा, मिथिलेश्वरी, आरती, केशरी कंवर, ममता, ईशा प्रकाश, वीरेंद्र मीनपाल, हिमानी, यश कुमार, होरीलाल, समीर सिंह गौरवानी, शैलेन्द्र साहू, कोमल, भूपेंद्र, त्रिलोकीनाथ, सोम प्रकाश, नौशेब, शिवराम, जितिन, दुर्गेश कुमार, कैलाश, दुर्गेश नागवंशी, दीपेश साहू, ओमप्रकाश, केवल, पुष्कर, चित्रंजन, मयंक नामवंशी,




लोमेश, शिवराज, जितिन कुमार सहित अन्य कैडेट्स शामिल हैं।

इन कैडेटों ने कठिन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोदकुमार पाठक ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के अनुशासन और परिश्रम का परिणाम है। चयनित कैडेट्स ने पढ़ाई के साथ-साथ सोशल वर्क एवं एनसीसी की विभिन्न गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने जागरूक एनसीसी छात्र के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।

इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर विशेष सेना मेडल कर्नल सौरभ कुमार, वर्तमान कमांडिंग ऑफिसर 27 सीजी बटालियन एनसीसी रायपुर के विशेष सेना मेडल कर्नल शुभम महतो, जन भागीदारी अध्यक्ष सतीश पवार, एनसीसी एल्यूमिनी दीपक सोनकर, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम, सूबेदार अधिकारी देवाशीष हाजरा समेत कालेज स्टाफ ने हर्ष जताया है।

**कृषि विभाग की योजना से मिली नई पहचान, स्वरोजगार के साथ बढ़ी किसानों की सुविधा और आय**

# हीरादेवी बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल गांव में ही मिल रही धान प्रसंस्करण सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले के ग्राम भोंठाडीह निवासी श्रीमती हीरादेवी साहू आज ग्रामीण महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल बनकर उभरी हैं। कृषि को जीवन का आधार मानने वाली हीरादेवी वर्षों से पारंपरिक खेती कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती रही हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच के बल पर अपने जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है।

कृषि विभाग की योजना अंतर्गत स्थापित मिनी राइस मिल ने न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि पूरे गांव के किसानों



के लिए भी नई सुविधा और अवसरों के द्वार खोले हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग के मार्गदर्शन एवं सहयोग से उन्होंने अपने गांव में मिनी राइस मिल की स्थापना की। इस पहल ने उनके कार्य को नई दिशा दी। अब वे अपने खेत में उत्पादित धान का स्थानीय स्तर पर ही प्रसंस्करण कर रही हैं। इससे न केवल समय और परिवहन लागत में कमी आई है, बल्कि धान की गुणवत्ता भी बेहतर बनी हुई है। मिनी राइस मिल स्थापित होने के बाद हीरादेवी साहू केवल स्वयं तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने आसपास के किसानों को भी अपनी मिल की सुविधा उपलब्ध करानी शुरू की। अब ग्राम एवं आसपास के किसान कम खर्च और कम समय में धान की कुटाई करा पा रहे हैं। इससे किसानों को सुविधा मिलने के साथ-साथ हीरादेवी साहू को अतिरिक्त आय का स्थायी स्रोत भी प्राप्त हुआ है।

### धान कुटाई में बड़ी राहत

पूर्व में हीरादेवी को अपने खेत में उत्पादित धान की कुटाई एवं प्रसंस्करण के लिए दूरस्थ मिलों पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे परिवहन में अतिरिक्त खर्च, समय की हानि तथा कई बार धान की गुणवत्ता प्रभावित होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। ग्रामीण क्षेत्र में छोटी मात्रा में धान ले जाने वाले किसानों के लिए यह प्रक्रिया और भी कठिन थी। इन परिस्थितियों में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना उनके लिए आशा की किरण बनकर सामने आई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जनप्रतिनिधियों की ...

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार आवश्यक है और मेडिकल कॉलेज खुलने से स्थानीय युवाओं को चिकित्सा शिक्षा का अवसर मिलेगा। साथ ही मरीजों को बड़े शहरों में इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

### मोबाइल से हो रही ...

मॉनिटरिंग सिस्टम मोबाइल पर आधारित है। इस मॉनिटरिंग सिस्टम की शुरूआत मनरेगा से कर दी गई है। पीएम आवास को छोड़कर जिले में डबरी, तालाब गहरीकरण, नया तालाब के 623 काम चल रहे हैं। इन कार्यों में नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम से हाजिरी भरी जा रही है। इस मॉनिटरिंग सिस्टम में गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-आमदी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)**

// सूचना पत्र //

प्रति,
1. मो. ईमरान गोरी पि. सलीम गोरी
2. पिनेश्वरी पति घनश्याम पीपरछेड़ी
3. किशन कुमार पि. घनश्याम पीपरछेड़ी
4. युवराज पि. तीजूराम पीपरछेड़ी

विषय :- सीमांकन की सूचना बाबत्।

--00--

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम तरसींवा प.ह.नं. 25 रा.नि.मं.-आमदी तहसील व जिला- धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 1194 रकबा 0.17 हे. का आवेदक मो. ईमरान गोरी पिता सलीम गोरी निवासी तरसींवा के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 05/05/2026 के अनुसार सीमांकन दिनांक 28/5/2026 को दिन गुरूवार समय 4.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण सीमांकन के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात् आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
आमदी

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

न्याय./ क्यु / क्रमाक
दिनांक 06/05/2026
प्रो.क्र. 1038/2026

**।। सूचना पत्र ।।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, इस न्यायालय में लंबित व्य.वाद.क्र 35अ/2026 अमृत बाई उर्फ कुसुम यादव बनाम कलीराम यादव वगैरह में प्रतिवादी क्रमांक 05 आम जनता जो भी हितबद्ध पक्षकार हो की उपस्थिति/तामिली हेतु सूचना पत्र प्रकाशन का आदेश पारित किया गया है, उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 25/06/2026 को आप प्रतिवादी क्रमांक 05 की उपस्थिति हेतु नियत की गयी है। नियत पेशी तारीख को आप प्रतिवादीगण स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा कर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तारीख के पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा, अगर नियत पेशी तारीख में कोई अवकाश घोषित किया जाता है, तो आगामी पेशी तारीख में उपस्थित हो सकते है।

(रजत कुमार निराला)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग वरिष्ठ
कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)

**किसानों को दी समझाइश, एनजीटी नियमों के तहत जुर्माने की दी चेतावनी**

# कृषि विभाग की टीम ने खेतों में लगी आग बुझाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम डांडेसरा में खेतों में पराली जलाने की शिकायत मिलने पर कृषि विभाग की टीम बिना देर किए मौके पर पहुंची और किसानों की मदद से आग पर काबू पाया। खेतों में उठती आग को देखते हुए विभागीय अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग बुझाने का कार्य कराया। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को समझाइश देते हुए कहा कि खेतों में पराली जलाना पर्यावरण एवं भूमि की उर्वरा शक्ति दोनों के लिए नुकसानदायक है। अधिकारियों ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियमों के तहत पराली जलाने वाले किसानों पर कार्रवाई का प्रावधान है। प्रति एकड़ 2500 रुपए के हिसाब से संबंधित कृषक पर अर्थदंड लगाया जा सकता है।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अर्थदंड एवं कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए खेतों में पराली न जलाएं । तेज गर्मी और हवा का रूख बहुत जल्दी आग को तेजी से बढ़ा देती है। बचे हुए अवशेषों का उपयोग जैविक खाद एवं अन्य कृषि कार्यों में करें।

### सेटेलाइट निगरानी के साथ अभियान

विभाग द्वारा लगातार गांव-गांव में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि किसान पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभा सकें। साथ ही सेटेलाइट के माध्यम से किसानों के खेतों का निगरानी भी किया जा रहा है। जिससे कृषकों के खेत का सही-सही खसरा एवं रकबा का आकलन भी किया जा रहा है।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### नौतपा के पहले दो दिन में भीषण गर्मी का कहर जनजीवन हुआ बेहाल

■ तेज धूप और गर्म हवाओं से बढ़ी परेशानी, लोग ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे

**धमतरी।** नौतपा की शुरुआत के पहले और दूसरे दिन ही जिले में भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सूरज की तेज तपिश और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित नजर आया। सुबह से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं, जबकि दोपहर में तापमान और अधिक बढ़ जाता है। इसके कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हो गए हैं। बाजारों और सड़कों पर भी अपेक्षाकृत कम चहल-पहल देखने को मिली। पंखे और कूलर भी इस तेज गर्मी में राहत देने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। गर्मी और उमस के कारण लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नौतपा के शुरुआती दो दिनों में ही गर्मी ने तीखे तेवर दिखा दिए हैं, जिससे आने वाले दिनों को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### रूपनारायण सिन्हा को कलार समाज ने दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रूपनारायण सिन्हा के आकस्मिक निधन से कलार समाज सहित पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। स्वजातीय जनों ने उन्हें समाज का गौरव बताते हुए अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।



कलार समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि रूपनारायण सिन्हा सदैव राष्ट्र प्रेम और सामाजिक जागरूकता के प्रबल पक्षधर रहे। उनकी वाणी में हमेशा यह भाव रहता था कि मैं काष्ठ के लिए नहीं, राष्ट्र के लिए जीता हूं। यह विचार समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करता था। वे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में समाज के विकास के लिए निरंतर प्रेरित करते थे। बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्यशैली से प्रभावित होकर वे संघ से जुड़े और लंबे समय तक प्रचारक के रूप में सेवा दी। इसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी में संगठन मंत्री के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जनवरी 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष पद पर कैबिनेट मंत्री दर्जा देकर उन्हें सम्मानित किया गया। वे सहज, सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। श्रद्धांजलि देने वालों में कालीदास सिन्हा संरक्षक जिला धमतरी कलार समाज, चन्द्रहास सिन्हा अध्यक्ष, गणराज सिन्हा उ मंत्री, रामजी सिन्हा, संतोष कुमार सिन्हा, यशवंत सिन्हा, हेमशंकर सिन्हा, परमेश्वरी सिन्हा, नंदनी सिन्हा, सुलोचना सिन्हा, शीतेश सिन्हा, मुरली सिन्हा, शशिकांत सिन्हा, संजू कामता सिन्हा, रामसेवक सिन्हा, टिकेंद्र गजेन्द्र, निखिल सिन्हा सहित स्वजातीय जन शामिल रहे।

### पदालमस्पी व गुमचुर के जंगलों से सुरक्षा बलों ने खोज निकाला नक्सली डम्प

**कांकेर।** कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत संयुक्त सर्चिंग अभियान के दौरान जंगल-पहाड़ी इलाकों से हथियार, विस्फोटक सामग्री और नक्सल डम्प बरामद किए गए हैं। जिला पुलिस, डीआरजी, बीएसएफ एवं बीडीएस टीम 25 मई को थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र अंतर्गत कांकेर-नारायणपुर सीमा के ग्राम गुमचूर के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में चलाए गए संयुक्त सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखी गई डम्प सामग्री बरामद की। बरामद सामग्री में .303 रायफल के 42 राउंड, 7.62 एसएलआर के 75 राउंड, 5.56 रायफल के 21 राउंड, दो एसएलआर मैग्जीन फिलर, एक स्टील कंटेनर, छह इलेक्ट्रिक डेटोनेटर तथा नक्सल साहित्य शामिल हैं। अभियान में बीएसएफ के एसी जगपाल, इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, एसआई नवीन प्रकाश सिंह, एसआई सौरभ यादव तथा डीआरजी टीम के सउनि नरेन्द्र नेताम शामिल रहे।

# ग्राम मरौद के बाद अब भखारा के शीतला माता मंदिर में हुई चोरी

## सोने-चांदी के आभूषण व नकदी की चोरी, पुलिस पतासाजी में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नगर पंचायत भखारा के शीतला माता मंदिर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर माता की चांदी के मुकुट और अन्य पहने हुए सोने चांदी के आभूषण एवं दान पेटी से नकदी की चोरी कर ली। चोर ने दान पेटी को मंदिर परिसर से दूर ले जाकर फेंक दिया।

चोरी की जानकारी सबसे पहले मंदिर के पुजारी सुखदेव निषाद को सुबह पांच बजे हुई। पुजारी ने मंदिर समिति एवं बस्ती पंचायत के लोगों को बताया और सभी थाना पहुंचे। आस्था का केंद्र शीतला माता मंदिर में चोरी होने की खबर जैसे ही आग की तरह नगर में फैली, लोगों की पुलिस के पहुंचने से पहले ही मंदिर के पास भीड़ उमड़ पड़ी।

समिति के सदस्यों की सूचना पर थाना प्रभारी शरद ताम्रकार ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। तत्पश्चात सिटी सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, डीएसपी भानुप्रताप चन्द्राकर, साईबर प्रभारी चंद्रकांत साहू एवं डॉग स्क्वाड एवं एफएसएल टीम भी पहुंची।

### सीसीटीवी कैमरा में चोर दिखाई दे रहा

समिति के सदस्यों ने बताया कि तालाब पार पर स्थित शीतला माता मंदिर में सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब 1 से 3 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने बिजली को बंद कर धावा बोल मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी से एक हजार रुपये, माता के आभूषण, चांदी का गुंबज छत दो नग, मुकुट एक नग, कमर पट्टी एक नग, आंख का नैन पट्टी एक जोड़ा, सोने की नथनी एक नग, गले का लाकेट एक नग, सीसी कैमरा मॉनिटर एक नग अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गया। सीसीटीवी कैमरा में चोर दिखाई दे रहा है। पुलिस शीतला माता मंदिर परिसर में लगे सीसी कैमरे का फुटेज खंगाल रही है। बस्ती पंचायत अध्यक्ष दिनेश साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305, 331 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही है।



### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

थाना प्रभारी शरद ताम्रकार ने कहा कि भखारा के शीतला माता मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर माता के सोने चांदी के आभूषणों की चोरी कर भाग गया है। चोरी गए सोने चांदी पुराने हैं जिसकी कीमत 45 हजार आंकी जा रही है। एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वाड की मदद ली गई। पुलिस टीम चोर को पकड़ने जुट गई है। बस्ती पंचायत अध्यक्ष दिनेश साहू ने चोरी गए सामानों की कीमत दो लाख बताई है।

## इंसुलिन पेन, ग्लूकोमीटर, शुगर जांच स्ट्रिप सहित डायबिटीज प्रबंधन किट वितरित

# बाल मधुमेह पीड़ित बच्चों को मिला सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं एमसीसीआर ट्रस्ट के सहयोग से टाइप-1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) से प्रभावित बच्चों और उनके परिजनों के लिए रोगी सहायता समूह (पीएसजी) बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में 25 बच्चों सहित 35 से अधिक अभिभावकों और देखभालकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य बच्चों और परिवारों को बीमारी से जुड़ी सही जानकारी, उपचार और मानसिक सहयोग प्रदान करना था। कार्यक्रम में बच्चों को इंसुलिन पेन, ग्लूकोमीटर, शुगर जांच स्ट्रिप, लैंसेट और नीडल सहित डायबिटीज प्रबंधन किट वितरित की गई।




विशेषज्ञों ने नियमित शुगर जांच, समय पर इंसुलिन लेने तथा फंडस एग्जामिनेशन और एलएफटी जैसी जांचों की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि महापौर जगदीश रामू रोहरा ने बच्चों के लिए नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही और पौष्टिक आहार, योग तथा नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने आधुनिक सीजीएम डिवाइस की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।

यूनिसेफ नई दिल्ली की एनसीडी सलाहकार डॉ. सोना देशमुख ने बच्चों में बढ़ते टाइप-1 डायबिटीज मामलों पर चिंता जताते हुए समय पर पहचान, नियमित इंसुलिन, संतुलित आहार और फिजिकल एक्टिविटी पर विशेष जोर दिया। मौके पर

कार्यक्रम में जिपं सभापति मोनिका देवांगन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू. एल. कौशिक, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य सिन्हा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रविकिरण शिंदे, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रिया कंवर, यूनिसेफ की अक्षय तिवारी एवं टीम, यूनिसेफ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र, एमसीसीआर ट्रस्ट से डॉ. श्याम, जिला स्वास्थ्य समिति से डॉ. श्रीकांत चंद्राकर, जिला काउंसलर भागेश्वर लोधी एवं गुलशन कुमार उपस्थित थे।

### स्कूल सहयोग, जागरूकता और परामर्श पर जोर

बैठक में शिशु रोग विशेषज्ञों ने इंसुलिन प्रबंधन, संतुलित आहार और संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी। शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों ने कहा कि बाल मधुमेह से पीड़ित बच्चों के लिए स्कूलों में संवेदनशील और सहयोगात्मक वातावरण आवश्यक है। अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई, खानपान, सामाजिक दबाव और नियमित उपचार से जुड़ी समस्याएं साझा कीं, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया।

# मुजगहन बाईपास ओवरब्रिज अब होगा प्रकाशमय



■ सरपंच एवं जनपद सदस्य की मांग पर महापौर ने दी सौगात, कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 मुजगहन अंतर्गत नेशनल हाईवे बाईपास ओवरब्रिज पर व्याप्त घने अंधेरे की समस्या का समाधान अब होने जा रहा है। अंधेरे के कारण आवागमन में हो रही भारी असुविधा और संभावित आपराधिक घटनाओं की आशंका को देखते हुए मुजगहन के सरपंच होमेश्वर साहू एवं क्षेत्र के जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने महापौर जगदीश रामू रोहरा से सोलर लाइट की तत्काल व्यवस्था करने की मांग की थी। इस समस्या को महापौर श्री रोहरा ने गंभीरता से लिया और संबंधित विभाग को तत्काल प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर की त्वरित पहल के बाद अब संबंधित विभाग द्वारा बाईपास ओवरब्रिज के पास सोलर लाइट लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए महापौर रामू रोहरा, सरपंच होमेश्वर साहू एवं जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल पहुंचे। उन्होंने विभाग को गुणवत्तापूर्ण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

# कांग्रेसियों ने दी झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि




■ शहीदों के व्यक्तित्व-कृतित्व पर विचार गोष्ठी आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नक्सली हमले में शहीद नेता नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार एवं अन्य नेताओं की पुण्यतिथि को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा राजीव भवन धमतरी में शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। शहीदों के व्यक्तित्व-कृतित्व एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास में दिए गए योगदान पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर 2 मिनट का मौन रखा गया।

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि हमारे शीर्ष नेतृत्व की षड्यंत्रकारी तरीके से 2013 में नक्सली हमले में हत्या कर दी गई थी। परिवर्तन यात्रा के दौरान अपने प्रदेश की जनता से सीधे संपर्क करने निकले छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नन्दकुमार पटेल, नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा, वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल, दिनेश पटेल, उदय मुदलियार समेत वरिष्ठ कांग्रेसी और जवानों ने नक्सली हमले में अपने प्राण न्यौछावर किये थे। पूर्व अध्यक्ष दुग्ध महासंघ विपिन साहू ने कहा कि शहीदों के पद चिन्हों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

अरविन्द दोशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इस प्रथम पंक्ति के नेताओं का जघन्य हत्याकांड पूरे देश के कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दौरान हरमिंन्दर छाबड़ा, सोहद्रा साहू, योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, खिलेन्द्र ध्रुव, आलोक जाधव, विक्रांत पवार, योगेशलाल, विक्रांत शर्मा, दीपक सोनकर, प्रतिपक्ष विशु देवांगन, कन्हैया सोनी, अजय वर्मा, रजत सोनकर, सूरज पासवान, नवीन गजेंद्र, मोहन ध्रुव, अजय सिन्हा, अमित श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कांटाकुर्रीडीह में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

■ 160 लीटर महुआ शराब जब्त, 1200 किलो महुआ लाहन नष्ट, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम कांटाकुर्रीडीह में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 160 लीटर महुआ शराब जब्त की है तथा करीब 1200 किलोग्राम महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

यह कार्रवाई 25 मई को जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती निरुपमा लोन्हारे के मार्गदर्शन तथा आबकारी उप निरीक्षक निशांत साधु के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। विभाग को ग्राम कांटाकुर्रीडीह में अवैध रूप से महुआ शराब निर्माण एवं बिक्री किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर आबकारी विभाग ने सुनियोजित ढंग से आरोपी के निवास पर दबिश दी।



कार्रवाई के दौरान आरोपी बसन्तु कमार पिता झुकू राम कमार के घर से पहले 400 मिलीलीटर महुआ शराब की खरीदी की गई जिसके बाद तलाशी लेने पर लगभग 60.40 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई। मामले में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34/1/ख/, 34/2द्ध एवं 59-क के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

आबकारी विभाग ने अन्य स्थानों पर भी कार्रवाई करते हुए करीब 100 लीटर महुआ शराब जब्त की तथा लगभग 1200 किलोग्राम महुआ लाहन को नष्ट किया। इस अभियान में आबकारी उपनिरीक्षक निशांत साधु, पुरुषोत्तम सिन्हा, आशीष ध्रुव, विवेक दीवान, अजयराज कश्यप, मुख्य आरक्षक मुरली सोनी, आबकारी आरक्षक अरविंद नेताम, श्रुति साहू, भूषणलाल, राजेशकुमार, कौशल नेताम, उमालक्ष्मी नेताम, मेघा सिन्हा, सोमी पालेश्वर, राजकिशोर कुर्रे, नीरजकुमार, नगर सैनिक जितेंद्र कोरे एवं ज्ञानिक ध्रुव का योगदान रहा।

**महापौर ने हितग्राही को अनुज्ञा पत्र सौंपा**
**धमतरी।** नगर पालिक निगम द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत साल्हेवारपारा निवासी श्रीमती कांतु बाई पति रामदास को भवन निर्माण हेतु आवास योजना का अनुज्ञा पत्र प्रदान किया गया।

# विद्यार्थियों को ड्राइंग, पेंटिंग, रंगोली डांस और पेपर क्राफ्ट प्रशिक्षण



**धमतरी।** जिला साहू समाज अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के आह्वान पर ग्राम लोहरसी के साहू समाज भवन में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया था। समापन शनिवार 23 मई को हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. गणेश प्रसाद साहू अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ ने कहा कि गांव में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें मार्गदर्शन देने व प्लैटफॉर्म प्रदान करने की। विजयलक्ष्मी साहू, अरुण साहू ने बच्चों को रंगोली, ड्राइंग, पेंटिंग, डांस, पेपर क्राफ्ट, योग व्यायाम, पारंपरिक खेल, कागज के फूल, टोपी बनाना सिखाया जो बहुत ही आकर्षक था। सरपंच माहेश्वरी गजेंद्र ने सर्व समाज के बच्चों के लिए आयोजित समर कैंप की सराहना की। गजानन साहू उपाध्यक्ष ने नित नये कौशल सीखने पर जोर दिया। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष रूपेंद्र गंजीर, उपाध्यक्ष महेश्वर गंजीर ने व्यक्तित्व विकास व समाज विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन भारत लाल साहू ने किया। ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमलाल गंगबेर ने प्रतिदिन व्यवस्था प्रदान की। मौके पर संरक्षक एनके साहू, दयानंद साहू, भूपेन्द्र गंजीर, उमाशंकर, अरूण कुमार, सरजू राम, हेमूलाल, भाऊलाल, सुनीता गंजीर, पंकज साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सेवा पुस्तिका ऑडिट लंबित, शिक्षकों ने त्वरित कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ एसोसिएशन ने डीपीआई को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेश के करीब 1.20 लाख एलबी संवर्ग के शिक्षकों की सेवा पुस्तिका के लंबित ऑडिट को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) के संचालक तथा कोष लेखा एवं पेंशन संचालक को ज्ञापन सौंपा है। एसोसिएशन ने सेवा पुस्तिका का समयबद्ध और त्रुटिरहित ऑडिट कराने की त्वरित मांग की है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ भूषणलाल चंद्राकार, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, प्रांतीय महिला प्रतिनिधि सविता छाटा, जिला महिला प्रकोष्ठ प्रभारी बी यदु, जिला सचिव बलराम ताराम, कोषाध्यक्ष रामदयाल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष गण धमतरी गेवाराम नेताम, नगरी शैलेंद्र





कौशल, कुरूद दिनेश साहू, मगरलोड रमेश यादव ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के तहत शिक्षकों या डीडीओ को सेवा पुस्तिका लेकर संभागीय कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय जाना पड़ता है। इससे शिक्षकों को गंभीर आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर ऑडिट प्रक्रिया को गति देने के नाम पर अनुचित आर्थिक सहयोग की अपेक्षा भी की जाती है।

शिक्षकों ने मांग की है कि जिले के धमतरी, नगरी, कुरूद, मगरलोड सहित सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएं ताकि शिक्षकों को जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

संविलियन पूर्व की सेवा अवधि का ऑडिट स्थानीय निधि संपरीक्षा के माध्यम से तथा संविलियन के बाद की अवधि का ऑडिट कोष लेखा एवं पेंशन विभाग से कराने की मांग की गई है, ताकि तकनीकी बाधाएं न आएं। प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, जिलाध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकार, जिला उपाध्यक्षगण नंद कुमार साहू, डॉ. गणेशप्रसाद साहू, तीरथराज अटल, नारद राम बघेल, जिला महासचिव डॉ. आशीष नायक, कैलाशप्रसाद साहू, राहुल नेताम, कैलाश सोन, हरीश साहू कौशल चंद्राकर, टीकम सिन्हा, तोमल साहू, अशोक साहू, लोमस साहू, उत्तम साहू, शेषनारायण साहू ने बताया कि ऑडिट लंबित रहने के कारण एरियर भुगतान और सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन निर्धारण के मामले अटके हुए हैं, जिससे शिक्षकों में आक्रोश है।

# नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में नागरिकों की भागीदारी आवश्यक : ज्योति

■ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

सभाकक्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, कचरे के पृथक्करण, संग्रहण एवं वैज्ञानिक निष्पादन के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया द्वारा जानकारी दी गई। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं स्वच्छता से जुड़े कर्मियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को घरों से सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग एकत्रित करने, प्लास्टिक अपशिष्ट के उचित निपटान तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।



नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी वार्डों में नियमित स्वच्छता अभियान चलाने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को ध्यान में रखते हुए नगर को बेहतर रैंक दिलाने विशेष रणनीति पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जनस्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। सभी लोगों ने नगर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष विष्णु कुमार साहू, पार्षद परदेशी राम कंवर, भूपेन्द्र कुमार यादव, अविनाश सिंह गौर, श्रीमती चांदनी साहू, मेघनाथ साहू, श्रीमती खेमलता साहू, हितेन्द्र कुमार साहू, भूपेश्वरी, श्रीमती गौतमी पटेल, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन सहित अभियंता ज्योति साहू, संजय साहू लेखपाल, मिशन समन्वय दिनेश साहू एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार से किसान परेशान : भरत



**अंवरी।** खेती-किसानी का समय नजदीक आते ही किसानों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। डीजल-पेट्रोल की लगातार बढ़ती कीमतों और रासायनिक खाद की कटौती को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। कांग्रेस नेता भरत नाहर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार किसानों को राहत देने के बजाय उन्हें परेशान करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज खेती पूरी तरह डीजल आधारित हो चुकी है। ट्रैक्टर, पंप, थ्रेसर सहित अधिकांश कृषि उपकरण डीजल से चलते हैं, जिससे ईंधन महंगा होने पर खेती की लागत कई गुना बढ़ गई है। वहीं समितियों में पर्याप्त खाद नहीं मिलने से किसानों को निजी दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। भरत नाहर ने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान दोहरी मार झेल रहे हैं और यदि जल्द राहत नहीं मिली तो किसानों का आक्रोश बढ़ेगा।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**धमतरी।** नाना के घर से अपने घर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। अस्पताल चौकी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के कुकरेल नयापारा निवासी पन्नालाल यादव पिता मिश्रीलाल उम्र 25 वर्ष कुकरेल में स्थित ट्रेक्टर शोरुम में काम करता था। सोमवार को युवक मोटरसाइकिल से अपने नाना के घर ग्राम लड़ेर गया था। वहां से युवक मोटरसाइकिल चलाते छुही-सलोनी मार्ग से होते हुए वापस अपने घर कुकरेल लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक के साथ उसकी टक्कर हो गई। घटना में पन्नालाल गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे हाइवे पेट्रोलिंग द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद उस युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### शादी से लौट रही बोलेरो सेमरापारा मोड़ के पास पलटी, 11 घायलों में 4 गंभीर

**भानुप्रतापपुर।** थाना भानुप्रतापपुर अंतर्गत देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शादी समारोह से लौट रहे ग्रामीणों से भरी बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में वाहन में सवार 14 लोगों में से 11 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा शादी से लौटते वक्त हुआ। सभी पीड़ित भीरागांव के निवासी हैं, जो एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कनेचुर गए हुए थे। 25 और 26 मई की दरम्यानी रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच, जब वे बोलेरो में सौरभ भवसार, कचरी बाई, विमला कोरेटी, थानेश्वरी हिड़को, मंगलबत्ती गावड़े, लता हिड़को, धरम कोरेटी, सुनीता कोरेटी, रेवती गावड़े, हीराबत्ती और बुंदिया बाई सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी भानुप्रतापपुर से महज 4 किमी. दूर सेमरापारा मोड़ के पास चालक का नियंत्रण वाहन से छूट गया और तेज रफ्तार बोलेरो सड़क पर ही पलट गई। दुर्घटना कि जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग की आपातकालीन सेवा वाहन डायल 112 और उपनिरीक्षक आरपी सिन्हा तुरंत दल-बल के साथ मौके पर पहुँचे।

# सकल जैन समाज ने निकाली मौन रैली, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जैन साधु-साध्वियों पर हो रही घटनाओं के विरोध में सकल जैन समाज द्वारा मंगलवार को मौन रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

रैली घड़ी चौक से प्रारंभ होकर गोल बाजार, कचहरी चौक होते हुए गांधी मैदान पहुंची। इस दौरान समाजजनों ने हाथों में तख्तियां लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया। रैली में शामिल लोगों ने जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

गांधी मैदान में सभा के पश्चात एसडीएम पीयूष तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मध्यप्रदेश के रीवा में जैन साध्वी श्रुतवति माताजी एवं उपशम मति माताजी सहित साध्वियों के साथ हुई घटना पर गहरा आक्रोश एवं दुख व्यक्त किया गया। समाजजनों ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से जैन साधु-साध्वियों के साथ लगातार घटनाएं हो रही हैं, जिससे पूरा समाज आहत है। उन्होंने प्रशासन से साधु-साध्वियों की सुरक्षा के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की। साथ ही दोषियों पर कठोर कार्रवाई की अपील भी की गई। कार्यक्रम में सकल जैन श्रीसंघ अध्यक्ष आकाश गोलछा, ललित पारख, रमन लोढ़ा, धरमचंद पारख, दीपक जैन, विजय प्रकाश जैन, आकाश कटारिया, निकेश कोटड़िया, सुरेश गोलछा, निर्मल बरडिया, किरोड़ी दुग्गड़, सतीश नाहर, रत्नेश जैन, अमित जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सर्व हिंदू समाज के सदस्य भी शामिल हुए। समाजजनों ने एकजुट होकर साधु-साध्वियों की सुरक्षा की मांग को लेकर आवाज बुलंद की। कार्यक्रम का संचालन आकाश गोलछा ने किया।

### जल संसाधन विभाग ने सुधार कार्यों के प्रस्ताव शासन को भेजे

# 34 करोड़ से मजबूत होगी महानदी नहर प्रणाली, टेल एरिया तक पहुंचेगा पानी


हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले की खेती-किसानी की आधार मानी जाने वाली महानदी नहर प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए जल संसाधन विभाग ने बड़े स्तर पर सुधार योजना तैयार की है। मुख्य नहर से लेकर माइनर शाखाओं तक मरम्मत और लाइनिंग कार्यों के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। विभाग का कहना है कि स्वीकृति मिलते ही चरणबद्ध तरीके से कार्य शुरू कराया जाएगा, जिससे किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

महानदी नहर वर्षों से जिले के हजारों किसानों की खेती को सहारा देती आ रही है। लगातार उपयोग और समय के प्रभाव के कारण कई हिस्सों में मरम्मत की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसे देखते हुए विभाग ने नहरों के सुधार के लिए विस्तृत योजना तैयार की है।

नहरों की मरम्मत होने से पानी के रिसाव और कटाव में कमी आएगी। इससे हर साल बड़ी मात्रा में होने वाली पानी की बर्बादी पर नियंत्रण लगेगा। विभाग का उद्देश्य यह है कि बांध से छोड़ा गया पानी अंतिम छोर तक सही तरीके से पहुंचे, ताकि किसानों को सिंचाई में परेशानी न हो। ग्रामीणों का कहना है कि नहरों की मजबूती से खेती को फायदा मिलेगा और गर्मी के मौसम में भी सिंचाई व्यवस्था बेहतर बनी रहेगी। कई स्थानों पर विभाग द्वारा निरीक्षण कर प्राथमिकता वाले हिस्सों की पहचान भी की जा रही है।

#### पानी बचाने और किसानों को राहत देने पर जोर



##### चरणबद्ध तरीके से होंगे विकास कार्य

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार शासन से स्वीकृति मिलने के बाद कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाएगा। नहरों के किनारों की सुरक्षा, पीचिंग, पुलों की मजबूती और जल प्रवाह सुधारने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नहर प्रणाली को आधुनिक और मजबूत बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

##### नहरों के रखरखाव के लिए विभाग सक्रिय

जल संसाधन विभाग द्वारा करीब 34 करोड़ रुपए के विभिन्न प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। इन प्रस्तावों में नहरों की रिपेयरिंग, लाइनिंग, कटाव रोकने और पानी के बेहतर प्रवाह से जुड़े कार्य शामिल हैं। महानदी मुख्य नहर के उन्नयन के लिए सबसे बड़ा प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके अलावा भखारा माइनर, वितरक शाखाओं और सिहावा क्षेत्र की नहरों के सुधार के लिए भी अलग-अलग योजनाएं बनाई गई हैं। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि इन कार्यों के पूरा होने से नहरों की क्षमता बढ़ेगी और टेल एरिया तक पर्याप्त पानी पहुंच सकेगा।

## जिले के 60 हजार किसानों पर 3 करोड़ 26 लाख रुपए का सिंचाई कर बकाया

- विभाग ने तेज की वसूली प्रक्रिया, गांवों में आयोजित हो रहे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले में सिंचाई सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने और किसानों तक समय पर नहरों का पानी पहुंचाने के लिए सिंचाई विभाग ने कर वसूली अभियान तेज कर दिया है। विभाग ने किसानों से समय पर सिंचाई कर जमा करने की अपील करते हुए कहा है कि इससे नहरों के संचालन, रखरखाव और सिंचाई योजनाओं को सुचारु रूप से चलाने में मदद मिलेगी।

सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2026-27 में जिले के लगभग 60 हजार किसानों पर 3 करोड़ 26 लाख रुपए का सिंचाई कर बकाया है। विभाग लगातार नोटिस जारी कर किसानों को कर जमा करने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसके साथ ही गांव-गांव सूचना पहुंचाने और शिविर लगाकर वसूली प्रक्रिया को सरल बनाने की तैयारी भी की जा रही है।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सिंचाई कर से प्राप्त राशि का उपयोग नहरों की मरम्मत, सफाई और पानी वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने में किया जाता है। समय पर कर जमा होने से किसानों को भविष्य में और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

सिंचाई विभाग ने बताया कि बकाया कर पर पहले साल 11 प्रतिशत और दूसरे साल 12 प्रतिशत ब्याज लगने का प्रावधान है। फसल कटाई के बाद हर छह महीने में वसूली अभियान चलाया जाता है। उन्होंने किसानों से समय पर कर जमा कर विभाग का सहयोग करने की अपील की है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि लंबे समय से सिंचाई कर जमा नहीं करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भुगतान प्रक्रिया को आसान बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## मिल वाले बाबा का उर्स श्रद्धा और अकीदत के साथ मना



- बाबा की दरगाह में चादर पेश कर अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के मकई चौक स्थित मिल वाले बाबा साहब हजरत सैय्यद अब्दुल रहमानी शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह में सालाना उर्सपाक श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया गया। दो दिवसीय आयोजन का समापन मंगलवार को कुल शरीफ की फातिहा के साथ हुआ। उर्स में बड़ी संख्या में जायरीन शामिल हुए और बाबा की दरगाह में चादर पेश कर अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी।

उर्स मुबारक कमेटी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत शाही चादर जुलूस से हुई, जो सिहावा चौक इस्लामपारा से निकलकर बाबा के आस्ताने तक पहुंचा। यहां चादरपोशी और फातिहा के बाद धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य उर्स के अवसर पर सुबह कुरआन ख्वानी हुई, जबकि रात में सूफियाना महफिल सजी। उत्तरप्रदेश के अमरोहा से आए मशहूर कव्वाल अबरार फराज साबरी ने अपनी कव्वालियों से माहौल को सूफियाना रंग में रंग दिया। देर रात तक जायरीन कव्वाली का आनंद लेते रहे।

दरगाह परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया था। यहां शिरनी, फूल और चादर की दुकानें लगी रहीं। कई लोगों ने तबर्रुक के रूप में हलवा, पूड़ी-चना, शरबत और लस्सी का वितरण किया। उर्स के दौरान कौमी एकता और भाईचारे का सुंदर नजारा देखने को मिला। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग जियारत के लिए पहुंचे।

आयोजन को सफल बनाने में उर्स मुबारक कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभाली, जबकि नगर निगम ने साफ-सफाई, प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की।

## हाईटेक बस स्टैंड निर्माण में आई तेजी



- निगम लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष लगातार कर रहे मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर को आधुनिक और सुव्यवस्थित पहचान देने के उद्देश्य से अर्जुनी-खपरी क्षेत्र में निर्माणाधीन हाईटेक बस स्टैंड का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से 7 एकड़ 18500 वर्ग फीट क्षेत्र में विकसित हो रहे इस बस स्टैंड का निर्माण महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में किया जा रहा है।

नगर निगम लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी लगातार कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सोमवार को उन्होंने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर महेंद्र जगत, असिस्टेंट इंजीनियर मयंक राठौर, सब इंजीनियर लोमश देवांगन और आर्किटेक्ट टीम के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्माण कार्य तेज गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### 52 व्यावसायिक परिसर और तीन प्रवेश द्वार से मिलेगा आधुनिक स्वरूप

विजय मोटवानी ने बताया कि हाईटेक बस स्टैंड में तीन प्रवेश द्वार और 52 व्यावसायिक परिसर बनाए जा रहे हैं, जिससे यह केवल यात्री सुविधा केंद्र ही नहीं बल्कि व्यापारिक हब के रूप में भी विकसित होगा। उन्होंने कहा कि बाईपास मार्ग पर बस स्टैंड बनने से शहर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा और शहर का विस्तार होने के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। ऑटो, टैक्सी तथा फुटकर व्यवसायियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। निगम क्षेत्र के विस्तार से नगर निगम की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, नरेंद्र रोहरा, निगम प्रशासन एवं सभी पार्षदों के सहयोग से यह परियोजना धमतरी के विकास की नई पहचान बनेगी।

## एचएक्यूई कक्षाओं में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान, करियर मार्गदर्शन से बढ़ाया उत्साह

- 95 प्रतिशत अंक लाने पर पूरी फीस वापसी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नहर नाका चौक स्थित देवांगन धर्मशाला में 24 मई को एचएक्यूई कक्षाओं द्वारा प्रतिभा सम्मान एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व महापौर विजय देवांगन थे। विशिष्ट अतिथि वेद प्रकाश साहू तथा सुमित मिश्रा थे।

इस अवसर पर संस्था के शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। डॉली देवांगन ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। भावेश कुमार साहू (87.7 प्रतिशत), आशुतोष साहू (86.8 प्रतिशत), दीपांशु साहू (82.4 प्रतिशत), हरप्रीत जुनेजा (81.8 प्रतिशत), खिलेंद्र साहू (81.2 प्रतिशत), अंजलि जोशी (81 प्रतिशत), गरिमा साहू (80.8 प्रतिशत) एवं गीतांजलि मेश्राम (80 प्रतिशत) को भी सम्मानित किया गया। साथ ही 70 से 80 प्रतिशत एवं 60 से 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अन्य विद्यार्थियों को भी सम्मान प्रदान किया गया। दसवीं में प्रियांशु साहू (89 प्रतिशत), सौरभ साहू (84 प्रतिशत) एवं तन्मय साहू (79 प्रतिशत) सहित कुल पांच विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

संस्था प्रबंधन ने डॉली देवांगन को 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर उनकी कुल फीस का 50 प्रतिशत राशि सम्मान स्वरूप वापस प्रदान की।

साथ ही घोषणा की कि आगामी बोर्ड परीक्षाओं में 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पूरी फीस सम्मान स्वरूप लौटाई जाएगी। संस्था के शिक्षक मयंक देवांगन, अमरनाथ गजपाल, चुनेश्वर साहू, ज्योति चंद्राकर, खीरोमणि साहू, रूपेश देवांगन, हिना गिलानी, रुचि देवांगन एवं सुमन देवांगन ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आचार्य जिन पीयूषसागर सूरीश्वर का आज मंगल प्रवेश

- आचार्य भगवंत के आगमन को लेकर समाजजनों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



फाइल फोटो

धार्मिक नगरी धमतरी में बुधवार 27 मई को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक आस्था का भव्य संगम देखने को मिलेगा। खरतरगच्छ आचार्य श्री जिन पीयूषसागर सूरीश्वर जी महाराज साहेब एवं नूतन आचार्य श्री जिन सम्यकरत्न सागर सूरीश्वर म.सा. सहित ठाणा का शहर में मंगल प्रवेश होने से जैन समाज सहित समूचे शहर में उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

आचार्य भगवंत के आगमन को लेकर समाजजनों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालुओं में गुरु दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने की विशेष उत्सुकता दिखाई दे रही है। मंगल प्रवेश के दौरान भक्ति गीत, स्वागत वंदन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। धर्मसभा, मंगल प्रवचन एवं गुरु वंदन कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय कर ली गई है।

समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन केवल जैन समाज ही नहीं बल्कि पूरे शहर के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और धार्मिक चेतना का अवसर है। श्रद्धालु इस मंगल प्रवेश के साक्षी बनेंगे। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है तथा स्वागत की विशेष तैयारियां की गई हैं।

समाजजनों ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरुभगवंत का स्वागत, वंदन और अभिनंदन करने की अपील की है। धमतरी में होने वाला यह धार्मिक आयोजन शहर में आस्था, संयम और सद्भावना का संदेश देगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
स्पेशल ट्रेन से - 31 अगस्त से 14 सितम्बर 2026 (15 दिन)
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
14 सितम्बर, 26 सितम्बर,
10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी
में निम्नांकित पदों के लिए शिक्षकों की आवश्यकता है।

| क्र. | पद | विषय | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक शिक्षक | सभी विषय | 05 | स्नातक/डी.एड./बी.एड./डी.एल.एड. |
| 2 | शिक्षक | गणित, अंग्रेजी, विज्ञान | 03 | स्नातकोत्तर/बी.एड./डी.एड. |

- इच्छुक उम्मीदवार को बायोडाटा सहित स्वहस्त लिखित आवेदन और सभी अंकसूची की फोटोकॉपी और अनुभव प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय में आवेदन जमा करें।
- ऑफिस समय सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक संपर्क करें।
- फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 मई 2026 है।

प्रवेश प्रारंभ
कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक (हिन्दी माध्यम)
प्रधानाध्यापक
गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय, लोहरसी
ऑफिस संपर्क नं. : 8770402801, 9893578916

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज